## सार-समाचार

### बदलते मौसम में श्रीराम के बीज किसानों को दे रहे हैं बेहतर उपज

**कोटा,** (निसं)। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की ईकाई श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 1-एसआर -14' और 'श्रीराम सुपर 5-एसआर -05' गेहूं बीज राजस्थान में गेहूं की खेती में उल्लेखनीय परिवर्तन लाये है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए बेहतर प्रदर्शन किया हैं। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और 5-एसआर -05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनका दाना बड़ा, कठोर और चमकदार है तथा इनकी गेहूं से बनी चपाती बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है। और सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में देश, प्रदेश और हाड़ौती के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और 1-एसआर -14 गेहूं बीज के साथ-साथ, श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के अन्य उत्पाद जैसे श्रीराम सुपर 111 और श्रीराम सुपर 3-एसआर -72 भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए हैं। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स कृषि इनपुट्स जैसे बीज, विशेष पोषण, और फसल संरक्षण के कारोबार में सक्रिय है, जिससे भारतीय कृषि को मजबूत और किसानों की आय को बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

### दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**कोटा,** (निसं)। रविवार को हाड़ौती ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसियेशन समिति कोटा का दीपावली मिलन समारोह बारां रोड़ झालीपुरा स्थित दुर्गा रिसोर्ट में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह में प्रेस समिति की और से कोटा में प्रेस उद्योग की परेशानीयों एवं कोटा कोचिंग के कारण उद्योग पर मंडरा रहे खतरे से अवगत करवाया। इस विषय पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि निसंदेह कोटा के प्रेस उद्योग अच्छा और आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण उद्योग है जिसके माध्यम से विभिन्न इकाइयों में कई परिवारों को रोजगार मिला हुआ है, वर्तमान में जो संकट इस उद्योग पर आया है इसके निवारण के लिये मैं सदैव प्रेस उद्योग एवं इससे संबंधित व्यपारियो व कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों के साथ है। मैं इस उद्योग के लिये हमेशा संघर्षरत रहूंगा राकेश जैन ने कहा कि में आपके मध्य का आपका अपना ही प्रतिनिधि हूँ व्यापारियो की जायज़ समस्या और उनकी माँगो को निजी समस्या समझकर सुलझाने का सदैव प्रयास रहेगा समारोह की अध्यक्षता करते हुए कोटा बुकसेलर्स एवं स्टैशनर्स एसोसीयेशन के अध्यक्ष नरेंद्र लोढ़ा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। हाड़ौती ऑफसेट एवं प्रिंटर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष नितिन खंडेलवाल महासचिव मुकेश जैन पूर्व अध्यक्ष सुमतिप्रकाश जैन ने कहा कि राकेश जैन सदैव कंधे से कंधा मिलाकर सभी का सहयोग करते है।

### विद्यार्थियों के रचनात्मक विकास में सहयोगी हैं प्रदर्शनियां

**कोटा,** (निसं)। पेंग्विन हाइट्स स्कूल में आयोजित हिन्दी, गणित, सामाजिक ज्ञान और विज्ञान की प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को नए आयाम दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष टीपी सेठी रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा कि ऐसी प्रदर्शनियों से बच्चों को न केवल शैक्षिक ज्ञान, बल्कि व्यावहारिक और रचनात्मक कौशल भी मिलता है। उन्होंने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल की डायरेक्टर, डॉ. संगीता कक्कड़ ने प्रदर्शनी के उद्देश्य और तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। बच्चों ने बड़े उत्साह से मॉडल चार्ट, आर्ट गैलरी और अन्य प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की चित्रकारी और शिल्प कौशल ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी के दौरान मनोरंजन के लिए फूड स्टॉल और विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर लक्की ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें माहिरा खान विजेता घोषित हुईं।कार्यक्रम के समापन पर वाइस प्रिंसिपल रीटा वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और सीखने की प्रेरणा को प्रोत्साहित करते हैं।

### 343 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा वार्ड 44 पार्षद के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान में युवाओं और रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। रविवार को पार्षद लेखराज योगी के तत्वावधान में छावनी क्षेत्र में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं व युवा कार्यकर्ताओं ने पार्षद योगी का गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया। पार्षद योगी के आते ही लोगों फूल-मालाओं से लाद दिया और पार्षद योगी के जिंदा बाद जमकर नारे लगाऐं। वहीं पार्षद लेखराज योगी ने बताया कि हाल चल रही बीमारियों के चलते रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 287 युवाओं व 56 महिला कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया हाल वक्त में जिन्दंगी एवं मौत से लड़ रहें आमजन के लिए रक्तदान आमजन के लिए आवश्यक एवं तत्पर रहेगा। आमजन की सेवा ही हमारी तत्परता है। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रखी गौतम, जिलाध्यक्ष कांग्रेस रविन्द्र त्यागी, सहित पार्षद योगी के कार्यकर्ता एवं सहयोगी शामिल हुए।

### दिवाली मिलन मनाया

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया वहीं इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा आयोजित कि गई, जो पूर्णतया सफल रही। क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बसंत विहार स्थित क्लब भवन पर दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया, इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता ने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया एवं क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की एवं विशेष रूप से क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एमएल अग्रवाल द्वारा हर मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं धन्यवाद दिया। साथ ही क्लब द्वारा रखरखाव पर किए जा रहे पार्क का भी निरीक्षण किया एवं कहा कि इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए।

### चोरी की पिकअप बरामद

**रामगंजमण्डी** (निसं)। सकते पुलिस ने कस्बे से चोरी हुई पिकअप को बरामद करने में सफलता प्राप्त की। उक्त जानकारी देते हुए सुजीत शंकर जिला पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण ने बताया कि जिला कोटा ग्रामीण के थाना सुकेत द्वारा 14 नवम्बर गुरुवार को कस्बा सुकेत में चोरी हुई पिकअप को बरामद करने में सफलता प्राप्त की। थाना हाजा के प्रकरण संख्या 312/ 2024 धारा 303 (2) बीएनएस में चोरी हुई पिकअप के प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण रामकल्याण के सुपरविजन में वृताधिकारी वृत रामगंजमंडी घनश्याम मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी थाना सुकेत छोटूलाल उनि के नेतृत्व एक विशेष टीम का गठन किया गया।जिस पर टीम द्वारा आसूचना संकलन कर अरनिया जंगल क्षेत्र से प्रकरण की माल मशरूका पिकअप को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

### 29वें दिन भी प्रदर्शन जारी

**छबड़ा** (निसं)। थर्मल कार्मिकों द्वारा 29वें दिन भी एनटीपीसी और उत्पादन निगम के बीच हो रहे संयुक्त उपक्रम बनाकर हो रहे निजीकरण का विरोध जारी रहा। लगभग एक महीना होने को आ गया है लेकिन राज्य सरकार और प्रशासन ने अभी तक इन कार्मिकों से कोई ठोस प्रकार की वार्ता नहीं की है। थर्मलकर्मियों का कहना है कि एनटीपीसी के नाम पर एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाई जा रही है जिसके बाद आमजन को महँगी बिजली दर के साथ ही बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसरों में भी कमी आएंगी। थर्मलकर्मी अभी तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे है। अगर राज्य सरकार और प्रशासन द्वारा इसी तरह से अनदेखी जारी रहती है तो कार्मिक जल्दी ही कोई कठोर कदम उठाने पर मजबूर होंगे।

### युवा संसद का आयोजन

**रामगंजमण्डी** (निसं)। जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद में 16 नवम्बर शनिवार को पीएम श्री गतिविधियों के अन्तर्गत युवा संसद (बाल संसद) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जो लगभग तीन घण्टे चली और हंगामेदार रही।जिसमें शिक्षा सेना आतंकवाद व रेल संचालन को लेकर पक्ष विपक्ष में तीखे सवाल जवाब हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मदन दिलावर शिक्षा एवं पंचायती राज केबिनेट मंत्री थे।

# कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स के लिए हुआ शिक्षा, भक्ति और संस्कार का अनूठा महोत्सव

- एलन संस्कार महोत्सव में 10 हजार से अधिक स्टूडेंट्स हुए शामिल
- विज्ञान और अध्यात्म के संगम में ली सीख, भजनां पर झूमे भावी डॉक्टर व इंजीनियर्स

**कोटा,** (निसं)। कॅरियर एवं केयर सिटी, शिक्षा की काशी कोटा में रविवार को दिन एक बार फिर यादगार हो गया। यहां कोचिंग स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा, भक्ति और संस्कार के सबसे बड़े महोत्सव का आयोजन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया। फिजिक्स, कैमेस्ट्री, बॉयलोजी और मैथ्स के सवालों में डूबे हुए कोटा कोचिंग के स्टूडेंट्स रविवार को अलग ही रंग में डूबे नजर आए। विज्ञान के विद्यार्थी अध्यात्म के भावों में डूबे रहे। फूल बरसते रहे और युवा झूमते रहे। इस दौरान कोचिंग सिटी कोटा का संस्कार से सफलता तक का ध्येय साकार होता दिखा।



कोटा में ऐलन कोचिंग के द्वारा संस्कार महोत्सव आयोजित किया गया।

एलन संस्कार महोत्सव कोटा के इन्द्रप्रस्थ इंडस्ट्रीयल एरिया के रोड नं.1 स्थित एलन उत्सव वाटिका में हुआ। कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए, जिन्हें श्री झालरिया पीठाधिपति जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी जी श्री घनश्यामाचार्यजी महाराज ने संस्कार से सफलता तक के लिए मार्गदर्शन दिया। विज्ञान और अध्यात्म के मिलन की कोटा में यह अनूठी पाठशाला रही, जिसमें भावी डॉक्टर व इंजीनियर्स भजनों पर झूमे और जीवन में संस्कार का महत्व समझते हुए मार्गदर्शन लिया। संस्कार महोत्सव को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लाखों स्टूडेंट्स ने लाइव देखा। इंजीनियर व डॉक्टर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए अध्ययनरत देशभर के हजारों विद्यार्थियों के लिए यह दिवस यादगार बन गया। महोत्सव में कॅरियर के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कार, संस्कृति, अध्यात्म, ध्यान और धैर्य का पाठ पढ़ाया गया। भक्ति की इस पाठशाला विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक, शिक्षक और शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। भक्ति और विज्ञान का यह अनूठा संगम विद्यार्थियों को अध्यात्म और ध्यान से जोड़ने के लिए रहा। इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी मौजूद रहे। उन्होंने भजन गाए और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

श्री झालरिया पीठाधिपति जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी जी श्री घनश्यामाचार्यजी महाराज ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सीख देते हुए कहा कि ईश्वर की अनुकम्पा के साथ सभी का विश्वास और साथ भी जुडा होता है। हमारा विश्वास कितना मजबूत है, यह हमें आगे ले जाता है। विद्यार्थी यदि शिक्षक में विश्वास करता है तो परीक्षा में वो बात भी याद आ जाती है जो कभी दोहराई नहीं।

सच्चे मन से दानपुण्य अवश्य करें और इसकी निरन्तरता बनाए रखें, हो सकता है इससे कुछ लाभ नहीं हो रहा हो लेकिन एक दिन इसका पुण्य प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास, भक्ति, धर्म, धैर्य और ध्यान की सीख देते हुए कहा कि संस्कार महोत्सव यानी संस्कारित होना। हर कार्य का संस्कार होता है। किसान भी अपनी जमीन को संस्कारित करता है, तभी जमीन उपजाऊ होती है। संस्कार ही हैं जो हमारे जीवन का मार्गदर्शन करते हैं, हमारे चरित्र को निर्मल रखते हैं, हमें कर्तव्यपरायणता की याद दिलाते हैं। शिक्षा के साथ संस्कार बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारे संस्कारों ही हमें परिवार, समाज, देश के प्रति जवाबदेह बनाते हैं।

## बून्दी महोत्सव का शुभारंभ आज

**बूंदी** (निसं)। हाड़ौती के सतरंगी पर्यटन पर्व बूंदी महोत्सव-2024 का आगाज सोमवार को गढ़ पैलेस में सुबह साढ़े आठ बजे गणेश पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ होगा। महोत्सव के दौरान आयोजित विविध सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम आमजन, देशी-विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। बूंदी महोत्सव के तहत 18 से 20 नवंबर तक 'लोक संस्कृति के रंग जिलेभर में बिखरेंगे। इस दौरान जिलेभर में विविध रंगारंग मनोहारी कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृखंला में पहले दिन 18 नवंबर को सुबह 8.30 बजे गढ गणेश की पूजा अर्चना व झंडारोहण से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद सुबह 9 बजे गढ़ पैलेस से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। लोक कलाकार, पारम्परिक वेशभूषा में विभिन्न् धर्म, सम्प्रदाय महिला पुरूष, ऊंट, घोडे शामिल रहेंगे, जो सभी के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा का मार्ग में जगह जगह जोरदार शहरवासियों की ओर से स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा खेल संकुल पर सम्पन्न होगी। सुबह 11 बजे से प्रतियोगिताएं होंगी। इसके तहत रस्सा कसी, मूंछ, साफा बांधना, पणिहारी दौड आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम 6 बजे नवलसागर झील में दीपदान कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में शाम 7.30 बजे नवल सागर किनारे स्थित पार्क में बेस्ट ऑफ इंडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## भजन संध्या में भजनों की लहर में डूबे श्रोता

**झालावाड़** (निसं)। राज्य स्तरीय श्री चन्द्रभागा (कार्तिक) मेले के दौरान जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में अंतिम दिन शनिवार रात्रि को मेला मैदान में बालोतरा के प्रसिद्ध भजन सम्राट प्रकाश माली की भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें उनके द्वारा एक से बढ़कर एक भजन एवं देशभक्ति से सराबोर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

भजन संध्या का आरंभ प्रकाश माली द्वारा गणेश वंदना से किया गया। उन्होंने मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे गणेश मेरी सभा बीच में आ जाना से गणराज को निमंत्रण दिया। इसके बाद सद्गुरु चरणों में अपना निर्गुणी भजन "आज तो म्हारे सद्गुरु आया पावणा" समर्पित किया। उनके द्वारा सुनाए भजन मंगल भवन अमंगल हारी और रामायण की चौपाइयों पर सारा माहौल राममय हो गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे, नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो, तू ही माता तू ही पिता है और ओ पालनहारे निर्गुण और न्यारे तुम्हरे बिन हमरा कोई नही जैसे भजनों पर श्रोता भक्ति रस में डूबते नजर आए।

उनके गाए बाबा रामदेव के भजन पर सभी श्रोता नाचते दिखे। सरगम फिल्म के प्रसिद्ध गीत डफली वाले डफली बजा को आत्मा और परमात्मा से जोड़कर जब उन्होंने गाया तो निर्गुण ब्रह्म सबके मन में साकार रूप में अवतरित होते दिख पड़े। राजस्थान की माटी का बखान करते हुए उन्होंने प्रसिद्ध रचना "इनरो कितना करूं में बखान कण कण में गूंजे जय जय राजस्थान" से शुरुआत करते हुए उन्होंने अपने भजनों के बीच चित्तौड़ महाराणा प्रताप और चेतक को याद किया। उन्होंने "ओ पवन वेग से उडने वाले घोडे तुझ पर सवार है जो मेरा सुहाग है वह, रखियो रे आज उनकी लाज" जय चित्तौड़ फिल्म का गीत गाकर राणा प्रताप के घोडे चेतक के बलिदान का बखान किया। अपने प्रसिद्ध गीत हल्दीघाटी में समर लड्डो वह चेतक रो असवार कठे मायड़ थारो वो पूत कठे वो एकलिंग दीवान कठे वो महाराणा प्रताप कठे गाकर देश प्रेम की ज्योत जला दी।

इस दौरान एक के बाद एक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति होती रही और श्रोता भारत माता की जय के नारे लगाते दिखे। उन्होंने सुनो गौर से दुनिया वालों सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी, सैनिकों को समर्पित गीत संदेशे आते हैं हमें तड़पाते हैं, है प्रीत जहां की रीत सदा जैसे देशभक्ति गीतों की झड़ी लगा दी।

## राजस्थान में विद्युत विभाग में निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है : ऊर्जा मंत्री नागर

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राजस्थान में विद्युत विभाग में निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है। जीएसएस के उचित रखरखाव और ग्रामीण क्षेत्रों में हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के आधार पर बिजली उत्पादन और वितरण के लिए हेम योजना लाई गई है।



कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भारतीय मजदूर संघ के जिला सम्मेलन को संबोधित किया।

33 केवी जीएसएस के पास लोड का सोलर प्लांट लगाने से किसानों को दिन में बिजली मिल सकेगी। 7800 करोड़ की इस योजना को केंद्र और राज्य सरकार के बीच 60/40 में पूरा किया जाएगा। पूरे प्रॉजेक्ट में 30 हजार करोड़ की लागत आएगी। बिजली विभाग नॉन प्रॉफिट वाला डिपार्टमेंट है। इसलिए लोन लेना संभव नहीं है।

निजी संस्था के लिए 7-8 प्रतिशत में लोन लेना आसान है। ऐसे में निजी संस्था के माध्यम से 10 वर्षीय प्रोजेक्ट को पूरा करके गांवों में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली दी जाएगी। यह बात ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को कही। वे भारतीय मजदूर संघ के जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने उदय योजना के द्वारा विद्युत विभाग को कर्ज मुक्त कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस की गहलोत सरकार को तकरीबन 2000 करोड़ का मुनाफा करके दिया था। इसके बावजूद 5 साल में 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज लेकर विभाग को कर्ज में डुबो दिया गया। पिछले 5 सालों में ना कोई संयंत्र लगा, ना उत्पादन बढ़ा। सेंट्रलाइज्ड सिस्टम, बड़े टेंडर के साथ ही महंगी बिजली खरीद और भ्रष्टाचार से जेब भरने के कारण विभाग कर्ज में डूब गया। अब हमने सस्ती दर से बिजली खरीद की है। अगले 5 वर्षों में किसानों को दिन में बिना ट्रिपिंग के 6 घंटे निर्बाध बिजली देने का काम करेंगे।

नागर ने कहा कि जीएसएस के उचित रखरखाव के लिए सरकार प्रयासरत है। जीएसएस पर कर्मचारी के सलेक्शन के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। बायोमेट्रिक हाजिरी दिन में तीन बार फेस रीडिंग के माध्यम से कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि बिना ऑनलाईन रिक्वेस्ट के शटडाउन नहीं देने का नियम बना रहे हैं। विद्युत तंत्र में सुधार और निर्बाध बिजली वितरण के लिए जनता के भी सुझाव ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है। मैं भी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करता हूं। हमारी सरकार श्रमिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने का प्रयास कर रही है। विद्युत विभाग जन-जन से जुड़ा हुआ डिपार्टमेंट है। इससे हर वर्ग प्रभावित होता है। कार्यक्रम में जिला मंत्री चेतन गौड़, प्रदेश मंत्री कपिल मालव, संभाग संगठन मंत्री प्रशांत खरे, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, विजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर समिति का गठन

**कोटा,** (निसं)। राज्य में वर्तमान में संचालित संपूर्ण स्कूली पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्यस्तर पर पाठ्यक्रम की समीक्षा समिति का गठन किया गया है। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने गत दिनों सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि पाठ्यक्रम में पढ़ाए जा रहे कुछ अवांछनीय प्रसंगों और विषयों को हटाया जाएगा तथा पूरे स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम की समीक्षा कर उसे समयानुकूल और राष्ट्रीय भावना से परिपूर्ण बनाया जाएगा। इसी क्रम में मंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश का स्कूल शिक्षा विभाग हरकत में आया और अब विभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए पाठ्यक्रम समीक्षा की पहल कर समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा प्रोफेसर कैलाश सोडाणी को बनाया गया है। जबकि हनुमान सिंह राठौड़ शिक्षाविद् समिति के उपाध्यक्ष होंगे। समिति में डी रामाकृष्ण राव शिक्षाविद्, एनसीआरटी, दिल्ली सलाहकार सदस्य बनाए गए हैं जबकि सदस्य सचिव के रूप में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता कार्य करेंगे। समिति में पूर्व कुलपति कोटा यूनिवर्सिटी तथा पूर्व सदस्य राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार दशोरा, पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर, प्रोफेसर भारत राम कुमार, सेवानिवृत शिक्षाविद श्याम सुंदर बिस्सा, जयंतीलाल खंडेलवाल, विशेषज्ञ जयपुर तथा कन्हैया लाल बेरीवाल सेवानिवृत्ति आईपीएस, जयपुर को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, राजस्थान सरकार के आदेश अनुसार यह समीक्षा समिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों एवं राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण स्कूली पाठ्यक्रम की विषय वस्तु/ छायाचित्र/ रेखाचित्र/ सामग्री संकलन/ व्याख्या का अध्ययन एवं समीक्षा कर सुझाव 30 दिवस में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर को प्रस्तुत करेगी।

## 13 दोस्तों ने पहली बार रक्तदान किया

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक सेवा के से जुड़ने के लिए युवाओं का एक बड़ा वर्ग आगे आ गया रहा है, जहां लोग सेवा के माध्यम से जरूरतमंद की मदद कर रहे हैं और नई सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि युवाओं की लंबे समय से सेवा कार्य से जुड़ने की चाह थी, ऐसे में उन्हें रक्तदान से जोड़ते हुए रक्तदान का महत्व बताया तो वह लोग तैयार हो गए और उन्होंने रक्तदान व एसडीपी के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जाहिर करते हुए अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचकर रक्तदान किया। टीम जीवनदाता के सहसंयोजक वर्धमान जैन ने कहा कि 13 दोस्तों ने रक्तदान कर सेवा कार्य से जुड़ने का अपना अभियान प्रारंभ किया।

## रेल मदद पोर्टल पर यात्री शिकायतों का तत्परता से निपटारा

**कोटा,** (निसं)। मंडल यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के साथ ही उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर है। इस उद्देश्य को पूरा करने हेतु, मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.आर.के.सिंह के मार्गदर्शन में "रेल मदद" पोर्टल/एप पर 247 रेल यात्रियों की सहायता और शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है।

रेलवे ने शिकायत और सुझावों को समायोजित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 सहित सभी माध्यमों को "रेल मदद" पोर्टल और एप में एकीकृत कर दिया है। शिकायतों का निस्तारण समय तय सीमा के भीतर किया जाता है एवं निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता को सूचना दी जाती है और उनसे फीडबैक भी मांगा जाता है, जिससे रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो सकें। कोटा मंडल में 16 जून, 2024 से वॉर रूम की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य यात्री शिकायतों का शीघ्र एवं समुचित समाधान सुनिश्चित करना है। 16 जून 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक इस वॉर रूम के माध्यम से कुल 10278 शिकायतों का निपटारा किया गया, जिसमें यात्रियों द्वारा 88 प्रतिशत उत्कृष्ट फीडबैक प्राप्त हुए जो पश्चिम मध्य रेल्वे ज़ोन में सर्वोत्तम रहा हैं। वर्तमान में कोटा मंडल में यात्री शिकायतों के समाधान का औसत समय 32 मिनट है, जो कि पश्चिम मध्य रेलवे के सभी मंडलों में सर्वोत्तम है।

# 'स्मार्टफोन और लंबे समय तक टीवी देखने के कारण बच्चों में बढ़ रहा है मायोपिया'

- '2050 तक विश्व में 5 अरब लोगों को प्रभावित कर सकता है यह दृष्टि दोष'

**कोटा,** (निसं)। नेशनल मायोपिया वीक (14-20 नवंबर) के अवसर पर स्क्विन्ट एंड पीडियाट्रिक ऑप्थेलमोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया, मतानंद वेलफेयर फाउंडेशन, और एन्टोड फार्मा के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोटा स्थित अभिनव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें सुवि नेत्र चिकित्सालय की नेत्र विशेषज्ञ डॉ.सुरेश पाण्डेय ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया।



कोटा में नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय ने मायोपिया पर जागरुकता व्याख्यान दिया।

डॉ.सुरेश पाण्डेय ने बताया कि बदलती जीवनशैली और स्मार्टफोन व कंप्यूटर के अत्यधिक उपयोग के कारण बच्चों में मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) तेजी से फैल रहा है। यदि माता-पिता में से किसी एक को मायोपिया है, तो उनके बच्चों में इसके होने की संभावना बढ़ जाती है। यदि दोनों माता-पिता को यह समस्या है, तो बच्चों में इसका खतरा और भी अधिक हो जाता है। सुवि नेत्र चिकित्सालय की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विदुषी पाण्डेय ने बताया कि स्मार्टफोन, वीडियो गेम, और लंबे समय तक टीवी देखने की आदत के कारण बच्चों का अधिकतर समय घर के अंदर बीतता है, जिससे मायोपिया का खतरा बढ़ जाता है।

लगातार पास का काम जैसे ऑनलाइन क्लासेज, पढ़ाई, और विडियो गेम्स बच्चों की दृष्टि पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। मायोपिया से पीड़ित व्यक्ति बिना चश्मे के स्पष्ट नहीं देख पाते हैं और उनका चश्मे का नंबर लगातार बढ़ता रहता है। डॉ.सुरेश पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान में विश्वभर में 1.4 अरब लोग मायोपिया से पीड़ित हैं, और यह संख्या 2050 तक बढ़कर 5 अरब तक पहुंच सकती है। इस दृष्टि दोष के कारण रेटिनल डिटेचमेंट, मैक्यूलर डिजनरेशन, मोतियाबिंद, और ग्लूकोमा जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। मायोपिया के उपचार के लिए चश्मा, कॉन्टेक्ट लेंस, लेसिक सर्जरी, और फेकिक लेंस प्रत्यारोपण जैसे विकल्प उपलब्ध हैं।

**मायोपिया रोकथाम के लिए उपाय:-** डॉ.पाण्डेय ने बताया कि अमेरिका और सिंगापुर में हुए शोध के अनुसार, लो-डोज एट्रोपिन (0.01:) आईड्रॉप का उपयोग बच्चों में मायोपिया के प्रगति को रोकने में प्रभावी सिद्ध हुआ है। अब भारत सहित अन्य देशों के नेत्र विशेषज्ञ भी इसका उपयोग कर रहे हैं। यह आईड्रॉप आंखों की मांसपेशियों को रिलैक्स करती है, जिससे आंखों की अंदरूनी लंबाई की वृद्धि कम हो जाती है।

**बच्चों की आंखों की सुरक्षा के लिए सुझावः-** डॉ. सुरेश पाण्डेय ने बताया कि माता-पिता बच्चों को आउटडोर गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें रोजाना आधे घंटे धूप में खेलने दें। बच्चों को स्मार्टफोन, कंप्यूटर और टीवी की लत से बचाएं। हरी सब्जियों, गाजर और विटामिन युक्त फलों का सेवन कराएं। जंक फूड से बचें और पौष्टिक आहार को प्राथमिकता दें। वर्ष में दो बार आंखों की और रेटिना की नियमित जांच करवाएं। आंखों को मसलने से बचें, क्योंकि इससे केरेटोकोनस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस अवसर पर देव शर्मा, सुनील सक्सेना (एन्टोड फार्मा), प्रिंसिपल वीरेन्द्र जैन, प्रोफेसर वी.एन.तिवारी, और विद्यालय के अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

## 'हज यात्रियों के किराए में वृद्धि निंदनीय'

**कोटा,** (निसं)। नई पॉलिसी के तहत हज यात्रा 2025 के लिए जाने वाले हज यात्रियों को इस बार 50 हजार रुपए तक अधिक देने होंगे। इस पॉलिसी से अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। हज कमेटी राजस्थान के सदस्य सोनू कुरैशी ने नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, भारतीय हज समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और कहा कि हम लगातार हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए रियायत की मांग करते आ रहे हैं जिस पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया, जबकी उल्टा 50 हजार रुपए तक का अतिरिक्त भार डाल दिया जो किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। हज यात्रियों के लिए किराए में वृद्धि करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हज-2025 के लिए यात्रियों को इस बार अधिक राशि खर्च करनी पडेगी, इसकी मुख्य वजह नई हज पॉलिसी में बदलाव के साथ अन्य शुल्कों में बढ़ोतरी है। हाल ही में यात्रियों ने पहली किश्त के रूप में एक लाख 30 हजार 300 रुपए का शुल्क जमा करवाया हैं। जो पिछली बार से अधिक है।